संचिका संख्या–25/वि०स०प्र०(वी०)05–174/2026–

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

अनिल कुमार गुप्ता,
संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–

विषयः– श्री रामविलास कामत, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/1059 के स्थानांतरण के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक बिहार विधान सभा से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/1059 की मूल प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि " सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखण्ड के गरिमान चौर से लेकर रेल लाईन तक जल जमाव का मुख्य कारण सुपौल–त्रिवेणीगंज रेलखंड के निर्माण होने से हुआ है। रेलखंड के निर्माण के पूर्व बरसात के समय गरिमान चौर का पानी दीनापट्टी गाँव के पास सतही बहाव के द्वारा परवाने धार में गिरती थी, फलस्वरूप जल–जमाव की समस्या नहीं होती थी । वर्तमान में रेलखंड के निर्माण हो जाने से गरिमान चौर का भू–भाग राघोपुर, विहपुर एन०एच०–131 एवं सुपौल–त्रिवेणीगंज रेलखंड से घिर जाती है। निर्मित रेलखंड में प्रश्नगत भू–भाग में वर्षा के जल निकासी हेतु रेल विभाग द्वारा आवश्यक Bridge/Culvert का निर्माण नहीं किया गया है । प्रश्नांकित स्थल से जल निकासी हेतु सड़को पर आवश्यक संरचनाओं के निर्माण करने से संबंधित है। " उक्त प्रश्न ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित है । एतद्संबंधी मुख्य अभियंता बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर का पत्रांक–1539 दिनांक– 26.05.2026 पत्र के साथ संलग्न है।

अतः विषयांकित प्रश्न ग्रामीण कार्य विभाग को स्थानांतरित किया जाता है तथा इसकी सूचना बिहार विधान सभा सचिवालय को भी अलग से दी जा रही है।

कृपया प्राप्ति स्वीकार किया जाय।

अनु0–यथोक्त्।

विश्वासभाजन

ह०/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25/वि०स०प्र०(वी०)05–174/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/1059 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– 25/वि०स०प्र०(वी०)05–174/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25/वि०स०प्र०(वी०)05–174/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक – 25/वि०स०प्र०(वी०)05–174/2026– 2547 पटना, दिनांक– 10/06/2026

प्रतिलिपि –कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10.06.26

संयुक्त सचिव